केन्द्रीय विद्यालय संघठन, चेन्नै संभाग SET-1

पूर्व बोर्ड परीक्षा - 2 (2025-26)

22/12/25 Examfile.

कक्षा-10 विषय-हिन्दी 'अ'(कोड-002)

अधिकतम अंक:80 समय : 3 घंटे

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड क, ख, ग, घ हैं और कुल 11 पृष्ठ हैं।
- कुल मुख्य प्रश्नों की संख्या 15 सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखने का यथासंभव प्रयास करें।
- प्रश्नों के अंक प्रश्न/खंड के सामने अंकित किये गये हैं।
- निर्देशानुसार पूरक प्रश्नों के उत्तर विद्यार्थी इच्छा अनुसार चयन कर सकते हैं।

**खंड क (अपठित बोध ) 14 अंक**

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-1 | निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ?<br>आज का युग भौतिक सुख-सुविधाओं और विलासिता का युग है। विज्ञान और तकनीक की प्रगति ने मानव जीवन को बहुत आसान बना दिया है। हमारे चारों ओर आराम और भोग की वस्तुएँ बहुतायत में उपलब्ध हैं, और इन्हें पाना ही बहुत से लोगों के जीवन का मुख्य लक्ष्य बन गया है। भौतिक चीज़ों को इज्जत का प्रतीक और सच्चा सुख माना जाने लगा है। विलासिता की इस दौड़ में, मनुष्य मानवीय मूल्यों को पीछे छोड़ता जा रहा है। जैसे-जैसे भौतिकता का आकर्षण बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सहानुभूति, सहयोग, सामाजिक उत्तरदायित्व, ईमानदारी और प्रेम जैसे नैतिक मूल्य कम होते जा रहे हैं। लोगों में स्वार्थ और लालच की प्रवृत्ति हावी हो रही है। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं और एकल परिवार की संख्या बढ़ रही है, जिससे सामाजिक बंधन कमजोर हो रहे हैं। धन और सुख-सुविधाओं को पाने की अंधी चाहत ने भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और अन्याय को बढ़ावा दिया है।लोग अक्सर अपनी और अपने परिवार की भौतिक इच्छाओं को पूरा करने के लिए दूसरों की उपेक्षा करने लगे हैं, जिससे समाज में विषमता और आक्रोश बढ़ रहा है। विलासिता अपने आप में बुरी नहीं है, क्योंकि इसने मानव के विकास में भी योगदान दिया है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब ये सुख-सुविधाएँ हमारे जीवन का एकमात्र उद्देश्य बन जाती हैं | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| | और हम इन्हें पाने के लिए अपने नैतिक सिद्धांतों और मानवता को त्याग देते हैं। एक सुखी और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि हम भौतिक प्रगति के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी महत्त्व दें। हमें यह समझना होगा कि सच्चा सुख महँगी वस्तुओं में नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा और संतोष से भरे जीवन में निहित है। हमें सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धांत को फिर से अपनाना होगा और एक संतुलित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा। | |
| (क) | निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प को चुनकर उत्तर लिखिए -<br>**कथन (A):** बढ़ती विलासिता की दौड़ में मनुष्य सहानुभूति, सहयोग और प्रेम जैसे मानवीय मूल्यों को पीछे छोड़ता जा रहा है।<br>**कारण (R):** भौतिक चीज़ों को समाज में 'इज्जत का प्रतीक' और 'सच्चा सुख' माना जाने लगा है, जिससे स्वार्थ और लालच की प्रवृत्ति हावी हो रही है।<br>विकल्प:<br>(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता<br>(iii) कथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>(iv) कथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। | 1 |
| (ख) | लेखक के अनुसार विलासिता (सुख-सुविधाओं) के संबंध में समस्या कहाँ उत्पन्न होती है?<br>(i) जब ये सुख-सुविधाएँ हमारे जीवन का एकमात्र उद्देश्य बन जाती हैं।<br>(ii) जब ये वस्तुएँ बहुत महँगी हो जाती हैं।<br>(iii) जब केवल उच्च वर्ग को ही ये सुख-सुविधाएँ मिलती हैं।<br>(iv) जब विज्ञान और तकनीक प्रगति करना बंद कर देते हैं। | 1 |
| (ग) | विलासिता की अंधी दौड़ का समाज पर क्या मुख्य नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है?<br>(i) संयुक्त परिवार टूट रहे हैं | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) भ्रष्टाचार तथा अन्याय को बढ़ावा मिल रहा है।<br>(iii) समाज में विषमता और आक्रोश बढ़ रहा है।<br>(iv) विज्ञान और तकनीक की प्रगति धीमी हो गई है।<br>विकल्प<br>(I) विकल्प i और ii सही हैं<br>(II) विकल्प i और ii, iii, सही हैं<br>(III) विकल्प i और ii, iii, iv सही हैं<br>(IV) विकल्प i और ii, iv सही हैं | |
| (घ) | लेखक के अनुसार विलासिता के संबंध में हमारा दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए, और सच्चे सुख का सार क्या है? | 2 |
| (ड) | अनुच्छेद के अनुसार, आधुनिक युग में भौतिक सुख-सुविधाओं और मानवीय मूल्यों के बीच किस प्रकार का संबंध स्थापित हो गया है? | 2 |
| प्रश्न-2 | **निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ?**<br>हरी भरी ये प्रकृति की काया, मानव पर जिसकी शीतल छाया।<br>जीवन का आधार यही है, अन्न, जल, वायु का सार यही है।<br>आदिम काल से मानव का संगी, हर दुःख-सुख में रहा सदा रंगी।<br>नदी ने दी प्यास बुझाने की शक्ति, पहाड़ों ने दी उठ खड़े होने की भक्ति।<br>पर समय बदला, बदली है सोच, मानव ने की बस लाभ की खोज।<br>विलासिता में वह इतना खोया, प्रकृति के आँसू पर कभी न रोया।<br>काट दिए वन, प्रदूषित जल किया, स्वार्थ के खातिर, सब कुछ हिला दिया।<br>अब प्रकृति भी ले रही है करवट, दिखा रही है अपनी भयानक हरकत।<br>आओ, इस भूल को अब सुधारें, अपने संबंधों को फिर सँवारें।<br>मानव और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक, जीवन सुंदर हो,<br>जब दोनों हों अनुरूपक।<br>तभी बचेगी यह धरती प्यारी, जब होगी हरियाली की साझेदारी। | 7 |
| (क) | कविता की शुरुआती पंक्तियों के अनुसार, प्रकृति को मानव जीवन का क्या सबसे महत्वपूर्ण आधार बताया गया है?<br>(i) अन्न, जल और वायु का सार। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) मानव द्वारा काट दिए गए वन।<br>(iii) पहाड़ों से उठ खड़े होने की भक्ति।<br>(iv) विलासिता और लाभ का साधन। | |
| (ख) | कविता के अनुसार, मानव की सोच बदलने और प्रकृति को हानि पहुँचाने का मुख्य कारण क्या था?<br>(i) नदी द्वारा प्यास बुझाने से संतुष्टि।<br>(ii) संबंधों को फिर से सँवारने की इच्छा।<br>(iii) लाभ की खोज और विलासिता में खो जाना।<br>(iv) प्रकृति की 'भयानक हरकत'। | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प को चुनकर उत्तर लिखिए -<br>**कथन (A):** धरती को बचाने के लिए यह आवश्यक है कि मानव और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक और अनुरूपक बनें।<br>**कारण (R):** पूरक और अनुरूपक बनने से ही हरियाली की साझेदारी संभव होगी, जिससे जीवन सुंदर बन सकता है।<br>विकल्प:<br>1. कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>2. कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।<br>3. कथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।<br>4. कथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। | 1 |
| (घ) | आदिम काल से ही प्रकृति का स्वरूप मानव के लिए कैसा रहा है और उसने मानव को क्या प्रदान किया? | 2 |
| (ड) | कविता के अंत में, जीवन को सुंदर बनाने और धरती को बचाने के लिए मानव और प्रकृति के संबंधों को किस रूप में स्थापित करने का आह्वान किया गया है? | 2 |
| | | |

| खंड- ख (व्यावहारिक व्याकरण ) | | 16 अंक |
|---|---|---|
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित "रचना के आधार पर वाक्य भेद" आधारित पाँच प्रश्नों में से कोई चार के उत्तर लिखिए ? | 4x1=1 |
| (क) | वे असहयोग आंदोलन से प्रभावित हुए और उन्होंने सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। वाक्य भेद पहचानकर लिखिए ? | 1 |
| (ख) | जब अधिक बारिश होती है तब सड़कों पर पानी भर जाता है। सरल वाक्य में बदलिए | 1 |
| (ग) | अध्यापिका ने छात्रों से कहा कि बिना पटाखों के दीपावली मनाएँ । (रेखांकित उपवाक्य का भेद पहचानकर लिखिए? | 1 |
| (घ) | मूर्तिकार ने सुनकर जवाब दिया \| सयुक्त वाक्य में बदलिए ? | 1 |
| (ङ) | मुक्तेश्वर की यात्रा में हमने हिमालय की अभिराम छवि को देखा। वाक्य भेद पहचानकर लिखिए ? | 1 |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित "वाच्य" आधारित पाँच प्रश्नों में से कोई चार के उत्तर लिखिए - | 4x1=1 |
| (क) | हालदार साहब ने पान खाया \| कर्मवाच्य में बदलिए ? | 1 |
| (ख) | गांधी जी द्वारा विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया गया । कर्तृवाच्य में बदलिए \| | 1 |
| (ग) | खिलाड़ी दौड़ नहीं सका \| भाववाच्य में बदलिए ? | 1 |
| (घ) | उद्धव द्वारा ज्ञान का उपदेश दिया गया । (वाच्य पहचानकर भेद बताइए) | 1 |
| (ङ) | पतोहू ने भगत को दुनियादारी से निवृत्त कर दिया था (कर्मवाच्य में बदलिए) | 1 |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित "पद परिचय" आधारित पाँच प्रश्नों में से कोई चार के उत्तर लिखिए ? रेखांकित शब्द का पद परिचय लिखिए ? | 4x1=1 |
| (क) | उनकी अंगुलियाँ खंजड़ी पर लगातार चल रही थी \| | 1 |
| (ख) | शाबाश ! तुमने यह कर दिखाया \| | 1 |
| (ग) | शीला अग्रवाल को कॉलेज वालों ने नोटिस थमा दिया | 1 |
| (घ) | मन्नू भण्डारी और उनके पिताजी के बीच अक्सर टकराहट होती रहती थी? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ङ) | राम लगातार तीर <u>चला रहे</u> थे । | 1 |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित "<u>अलंकार</u>" आधारित पाँच प्रश्नों में से कोई चार के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ? | 4x1=1 |
| (क) | सोहत ओढ़े पीत पट, स्याम सलोने गात ।<br>मनहु नील मनि सैल पर, आतप पर्यो प्रभात ।।<br>पंक्ति में कौन सा अलंकार हैं | 1 |
| (ख) | मानवीकरण अलंकार का एक उपयुक्त उदाहरण लिखिए । | 1 |
| (ग) | कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा ॥ पंक्ति में कौन सा अलंकार हैं | 1 |
| (घ) | प्रीति-नदी में पाऊँ न बोरयो । पंक्ति में कौन सा अलंकार हैं | 1 |
| (ङ) | आगे नदी थी पड़ी अपार,राणा ने सोचा इस पार<br>तब तक चेतक था उस पार । पंक्ति में कौन सा अलंकार हैं | 1 |

**खंड-ग**

**( पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक )** **अंक 30**

| | |
|---|---|
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ?<br>सन् 1947 के मई महीने में शीला अग्रवाल की गिरफ्तारी हुई। जुलूस और प्रदर्शन बंद होने लगे। पर शहर में स्वतंत्रता की आग तो लगी हुई थी। हर रोज़ शाम को आज़ादी की माँग उठती थी। शाम को बाज़ार के चौराहे पर, जहाँ आज भी एक पार्श्वनाथ का जैन मंदिर है, वहाँ हम सब इकट्ठे हो जाते थे। मैं भाषण देती थी। मेरे बोलने से पहले मेरे सभी साथी मेरा भाषण तैयार करवाते थे और मेरा मार्गदर्शन करते थे। तब तक पिताजी की गुस्से की सीमा भी लगभग समाप्त हो चुकी थी। वे मुझे कभी-कभी शाबाशी भी दे देते थे।<br>एक दिन की घटना है। उस दिन पिताजी की अत्यंत प्रसन्नता का कारण मैं बनी। पिताजी के एक बहुत विख्यात और सच्चे मित्र, जिनकी प्रशंसा के लिए पिताजी अक्सर इंतज़ार किया करते थे, वे घर आए। उन्होंने मेरे भाषणों की खूब प्रशंसा की। उन्होंने पिताजी से कहा, "तुम्हारी बेटी ने आज की स्थिति में क्रांति की भावना जगाई है। हमें इसे प्रोत्साहित करना चाहिए।" पिताजी की आँखें गर्व से भर उठीं। पिताजी ने मेरे सिर पर हाथ |

| | | |
|---|---|---|
| | फेरकर आशीर्वाद दिया। यह मेरे लिए सबसे बड़ी प्रशंसा थी, जो मुझे मेरे पिताजी से मिली थी। | |
| (क) | निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प को चुनकर उत्तर लिखिए<br>**कथन (A)**: पिताजी की आँखें गर्व से भर उठीं और उन्होंने लेखिका के सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया।<br>**कारण (R):** पिताजी के एक बहुत विख्यात और सच्चे मित्र ने लेखिका के भाषणों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उसने आज की स्थिति में क्रांति की भावना जगाई है।<br>विकल्प:<br>(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>(ii) कथन A) और कारण R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण R), कथन A) की सही व्याख्या नहीं करता है।<br>(iii) कथन A) सही है, लेकिन कारण R) गलत है।<br>(iv) कथन A) और कारण R) दोनों गलत हैं। | 1 |
| (ख) | लेखिका के साथ उनके साथियों का व्यवहार कैसा था गद्यांश के आधार पर सही विकल्प वाला उत्तर लिखिए-<br>(i) वे लेखिका के लिए भाषण तैयार करते थे<br>(ii) वे लेखिका को भाषण देने से रोकते थे<br>(iii) वे लेखिका का मार्गदर्शन करते थे<br>(iv) वे लेखिका के पिताजी से शिकायत थे<br>विकल्प<br>(i) केवल विकल्प i सही हैं<br>(ii) केवल विकल्प i और ii सही हैं<br>(iii) केवल विकल्प i और iii सही हैं<br>(iv) केवल विकल्प ii और iv सही हैं | 1 |
| (ग) | लेखिका शाम को कहाँ भाषण देती थी?<br>(I) कॉलेज के मैदान में (II) नदी किनारे<br>(III) बाज़ार के चौराहे पर (IV) जैन मंदिर के पास | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | पिताजी की अत्यंत प्रसन्नता का मुख्य कारण क्या बना?<br>(I) लेखिका को कॉलेज में प्रथम स्थान मिला<br>(II) पिताजी के विख्यात मित्र ने लेखिका के कार्य की प्रशंसा की<br>(III) लेखिका ने घर का काम संभाल लिया<br>(IV) लेखिका ने जुलूसों में भाग लेना बंद कर दिया | 1 |
| (ड) | जुलूसों में लेखिका के भाग लेने पर पिताजी के गुस्से की क्या स्थिति थी?<br>(I) गुस्सा बहुत बढ़ गया था<br>(II) गुस्से की सीमा लगभग समाप्त हो चुकी थी<br>(III) उन्होंने लड़की को घर से निकाल दिया था<br>(IV) वे लेखिका से बात नहीं करते थे | 1 |
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित दिए गए चार प्रश्नों में से कोई <u>तीन</u> के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए ? | 3x2 =6 |
| (क) | "वो लँगड़ा क्या जाएगा फौज में,पागल हैं पागल\|" कैप्टन के प्रति पानवाले की इस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए ? | 2 |
| (ख) | "मेरे मालिक एक सुर बक्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ आँसू निकाल आए \|"नौबतखाने में इबादत" पाठ के आधार पर बिस्मिल्ला खां के इस कथन को स्पष्ट कीजिए । | 2 |
| (ग) | आपकी दृष्टि में भगत की कबीर पर अगाध श्रद्धा के क्या कारण रहें होंगे ? लिखिए \| | 2 |
| (घ) | आग की खोज एक बहुत बड़ी खोज मानी जाती हैं ? इस खोज के पीछे रही प्रेरणा के मुख्य स्रोत क्या रहें होंगे ? | 2 |
| प्रश्न 9 | निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ?<br>तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान।<br>मृतक में भी डाल देगी जान।<br>धूली धूसर तुम्हारे ये गात...<br>छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात।<br>परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,<br>पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण। | 1x5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े<br>शेफालिका के फूल ,बाँस था कि बबूल? | |
| (क) | "दंतुरित मुसकान" का क्या अर्थ है?<br>(i) दाँतों का न होना (ii) दाँत टूट जाना<br>(iii) नए-नए दाँत निकलना (iv) दाँत साफ होना | 1 |
| (ख) | कवि के अनुसार, बच्चे की मुसकान में कैसा प्रभाव है?<br>(i) वह निराशा और उदासी लाती है।<br>(ii) वह मृतक में भी जान डाल देती है।<br>(iii) वह पत्थर को और कठोर बना देती है।<br>(iv) वह बच्चे को बीमार कर देती है। | 1 |
| (ग) | 'जलजात' शब्द का क्या अभिप्राय है?<br>(i) जल में जन्म लेने वाला (कमल)<br>(ii) जल का वेग<br>(iii) जल से संबंधित व्यक्ति<br>(iv) जल में रहने वाला जीव | 1 |
| (घ) | 'बाँस था कि बबूल?' पंक्ति में कवि की कौन-सी मनोदशा व्यक्त हुई है?<br>(i) खुशी का भाव (ii) संशय या भ्रम का भाव<br>(iii) बच्चे के प्रति घृणा का भाव (iv) व्यंग्य का भाव | 1 |
| (ङ) | कविता के इस अंश में कवि ने बच्चे के स्पर्श के माध्यम से किस विषय पर ज़ोर दिया है?<br>(i) प्रकृति की सुंदरता पर (ii) बच्चे के कपड़ों की साफ-सफाई पर<br>(iii) वात्सल्य के जादू और जीवनदायिनी शक्ति पर<br>(iv) गाँव की गरीबी और अभाव पर | 1 |
| प्रश्न 10 | निम्नलिखित दिए गए चार प्रश्नों में से कोई <u>तीन</u> के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - | 3x2=6 |
| (क) | साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर हैं। राम लक्ष्मण परशुराम संवाद पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए । | 2 |
| (ख) | कवि बादल से फुहार, रिमझिम, या बरसने के स्थान पर "गरजने" के लिए कहता हैं, क्यों ? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय हैं ? आत्मकथ्य कविता के आधार पर लिखिए \| | 2 |
| (घ) | संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन -किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए \| | |
| प्रश्न 11 | निम्नलिखित दिए गए तीन प्रश्नों में से कोई <u>दो</u> के उत्तर लगभग 50 - 60 शब्दों में लिखिए \| | 2x4=8 |
| (क) | भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न हैं ? | 4 |
| (ख) | सैलानियों को प्रकृति की अलौकिक छटा का अनुभव करवाने में किन-किन लोगों का योगदान होता हैं ? साना- साना हाथ जोड़ि पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए \| | 4 |
| (ग) | क्या बाह्य दबाव केवल लेखन से जुड़े रचनाकारों को ही प्रभावित करते हैं या अन्य क्षेत्रों से जुड़े कलाकारों को भी प्रभावित करते हैं, कैसे ? उदाहरण सहित लिखिए \| | 4 |
| | **खंड घ (रचनात्मक लेखन) 20 अंक** | |
| प्रश्न 12 | निम्नलिखित तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए \| | 1x6=6 |
| (क) | मोबाइल फोन : सुविधा या समस्या<br>संकेत बिन्दु : - मोबाइल फोन विज्ञान की अद्भुत खोज<br>- मोबाइल का दैनिक जीवन में बढ़ता उपयोग<br>- मोबाइल के कारण बढ़ते अपराध<br>- जागरूकता के उपाय | |
| (ख) | युवा और फास्ट फूड<br>संकेत बिन्दु : - फास्ट फूड क्या हैं<br>- युवाओं में बढ़ता चलन<br>- फास्ट फूड के दुष्परिणाम | |
| (ग) | व्यायाम : स्वस्थ जीवन का आधार<br>संकेत बिन्दु : - व्यायाम और स्वास्थ्य का संबंध<br>- आधुनिक समय में व्यायाम का महत्व क्यों | |

| | | |
|---|---|---|
| | - तनाव मुक्ति व ताजगी का माध्यम | |
| प्रश्न 13 | आपके क्षेत्र के खेल मैदान में आवारा जानवरों का जमावड़ा लगा रहता हैं,जिस कारण खिलाड़ियों को खेलने में परेशानी होती हैं \| इसकी शिकायत करते हुये नगरपालिका को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए ?<br>अथवा<br>आपका नाम रंजीत/ रंजिता हैं \| आपकी बड़ी बहन ने नीट की परीक्षा पास कर ली हैं, इसकी शुभकामना देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए ? | 1x5=5 |
| प्रश्न 14 | आप मोहन/मोहना हैं \| दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से पता चला हैं कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक संगीत शिक्षक की आवश्यकता और आप इस पद के लिए पूरी तरह योग्य हैं \| इसके लिए आवेदन करते हुए एक लगभग 80 शब्दों में स्ववृत लिखिए ?<br>अथवा<br>आपके कस्बे के सरकारी अस्पताल में कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं हैं जिस कारण अस्पताल में बहुत गंदगी हो रही हैं \| अतः इसकी मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी को सूचना देते हुए एक लगभग 80 शब्दों में एक ई मेल लिखिए ? | 1x5=5 |
| प्रश्न 15 | “हँसता बचपन” नामक बच्चों के खिलौने के शोरूम पर फेस्टिवल ऑफर 30% की छूट की सूचना देते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ?<br>अथवा<br>आपके मित्र महेश/ महिमा का राष्ट्रीय खेल अकादमी में चयन हो गया हैं \| इसकी बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना सन्देश लिखिए ? | 1x4=4 |